विषयः—ट्रांसपोर्ट नगर योजना, सीकर रोड के संबंध में दिनांक 27.11.2017 (सोमवार) को राजस्थान पत्रिका में छपी खबर " 100 दिन की कार्ययोजना, 13 साल में भी अधूरी" के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट।

1 उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्थान पत्रिका में छपी खबर " 100 दिन की कार्ययोजना, 13 साल में भी अधूरी" के क्रम में तथ्यात्मक रिपोर्ट निम्नानुसार है :—

जयपुर शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण रहित बनाने व शहरी सीमा में भारी वाहनों के प्रवेश से होने वाली यातायात समस्याओं/दुर्घटनाओं के निराकरण और सुगम यातायात व्यवस्था करने हेतु ट्रांसपोर्ट व संबंधित व्यवसाईयों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग—11 सीकर रोड व राष्ट्रीय राजमार्ग—8 अजमेर—दिल्ली बाईपास से जुड़ी नियोजित ट्रांसपोर्ट नगर योजना सीकर रोड पर तैयार की गई। इस योजना में ग्राम—दीपपुरा, लुनियावास, जगन्नाथपुरा, नींदड़ व उदयपुरिया, तहसील—आमेर के कुल 5 ग्रामों की 111.79 हेक्टेयर भूमि जिसमें 97.23 हेक्टेयर भूमि निजी खातेदारी की एवं 14.56 हेक्टेयर भूमि ज.वि.प्रा. स्वामित्व की है, को सम्मिलित किया गया तथा द्वितीय चरण में 141.00 हेक्टैयर भूमि को शामिल किया गया। इस प्रकार प्रथम एवं द्वितीय चरण की कुल 252.79 हेक्टेयर भूमि को सीमांकित कर योजना तैयार की गई। इस योजना हेतु दिनांक 15.03.2004 तक ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों से भूखण्डों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किये गये जिसमें 13 एसोसियेसन्स द्वारा कुल 1484 भूखण्डों के लिए 2582 आवेदन फार्म प्राप्त हुये जिनकी जॉच करने के पश्चात् 2285 आवेदन पत्र स्वीकृत एवं 275 आवेदन पत्र अस्वीकृत किये गये। स्वीकृत आवेदन पत्रों में से 1346 भूखण्डों की दिनांक 30.07.2007 को प्रथम लॉटरी निकाली गयी। सफल आवंटियों को आवंटन पत्र/लीजडीड जोरी करने की कार्यवाही लगभग पूर्ण हो चुकी है।

2 द्वितीय चरण की लॉटरी के 959 आवंटियों को भूखण्ड आवंटन के लिए दिनांक 05.12.2014 को लॉटरी निकाली जानी प्रस्तावित थी, लेकिन लॉटरी निकालने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित करने के कारण लॉटरी नहीं निकाली जा सकी। अब माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रतिष्ठानों के मौके का भौतिक सत्यापन/सर्वे किये जाने की कार्यवही प्रक्रियाधीन है। सर्वे की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् द्वितीय चरण की लॉटरी निकाली जाकर सफल आवंटियों को आवंटन की कार्यवही की जावेगी।

3 जहॉ तक योजना में विकास कार्य का संबंध है, ट्रांसपोर्ट नगर योजना, सीकर रोड में मौके पर सड़क/चारदीवारी/पार्क, बिजली, पानी, प्लान्टेशन/हॉर्टिकल्चर आदि का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

4 ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों को जयपुर शहर से स्थानान्तरित करवाने हेतु दिनांक 05.10.2017 को ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन के पदाधिकारियों के साथ सचिव महोदय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी थी जिसमें ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन के पदाधिकारियों द्वारा आगामी 6 माह में मौके पर गोदाम/दुकान आदि का निर्माण कार्य पूर्ण कर ट्रांसपोर्ट नगर योजना सीकर रोड में शिफ्ट होने के लिए अपनी मौखिक सहमति दी गयी थी।

5 योजना में वर्तमान में 4 आवासीय भवन एवं 17 गोदाम कुल 21 भवन एवं गोदाम निर्मित है जिनमें से 4 मकानों से 3 मकानों में ही रहवास है एवं 17 गोदामों में से 10 गोदामों में ही व्यवसायिक गतिविधियॉ संचालित हैं।

अतः तथ्यात्मक रिपोर्ट सादर प्रेषित है।